BSES

पावर अलर्ट

नई दिल्लीः 31 मई, 2014। कल शाम के भारी तूफान और बारिश की वजह से दिल्ली में बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों के तालमेल और साझा प्रयास से करीब करीब सभी इलाकों में बिजली बहाल कर दी गई है।

बहरहाल, एक बड़ी 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन, जो बामनौली से पप्पनकलां–1 ग्रिड तक जाती है और साउथ– वेस्ट दिल्ली के एक बड़े हिस्से में इनकमिंग बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करती है– वह बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसकी वजह यह है कि इस ट्रांसमिशन लाइन के चार टावर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आपातकालीन इंतजामों के बावजूद, इस लाइन को फिर से बहाल करने में तीन दिन तक का वक्त लग सकता है। ऐसा दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड की ओर से हमें बताया गया है।

इस बीच, बीआरपीएल यह प्रयास कर रही है कि जो भी बिजली इसके पास उपलब्ध है, उसे पश्चिमी दिल्ली के कुछ हिस्सों में क्रमिक आधार पर लोडशेडिंग करके वहां के उपभोक्ताओं को मुहैया कराई जाए। ऐसी स्थिति में भी हमारी कोशिश है कि जल शोधन प्लांट जैसी आवश्यक सेवाओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उपरोक्त कारणों की वजह से पश्चिमी दिल्ली के इलाकों जैसे पालम, तिलक नगर, राजौरी गार्डन, उत्तम नगर, विकासपुरी, जनकपुरी आदि में अगले दो–तीन दिनों तक 5–6 घंटे की लोड शेडिंग हो सकती है।

इस संकट को देखते हुए, बीआरपीएल ने अपने नेटवर्क में कुछ अस्थायी बदलाव किए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की, पानी जैसी जरूरतें पूरी हो सकें। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे उपलब्ध बिजली का समझदारी से उपयोग करें, ताकि नेटवर्क पर ओवरलोड न हो। ओवरलोड की वजह से बिजली आपूर्ति में और दिक्कतें आ सकती हैं।

उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा के लिए बीआरपीएल खेद व्यक्त करती है और उम्मीद करती है कि संकट की इस घड़ी में उपभोक्ताओं का पूरा सहयोग उसे मिलेगा। बीआरपीएल संबंधित एजेंसियों से निरंतर संपर्क में है और खुद भी तमाम प्रयास कर रही है ताकि जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था को सामान्य बनाया जा सके।

लोड शेडिंग शेड्यूल नीचे देखें

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीआरपीएल और बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....